सामान लेने गई 6 वर्षीय बच्ची की हत्या

गुरुग्राम, 7 मई (निप्र)

साईपरटी मानेसर उद्योग नगरी में शुक्रवार रात 6 वर्षीय बच्ची की हत्या कर दी गई। बच्ची दुकान पर सामान लेने गई थी। पुलिस के अनुसार, 6 वर्षीय बच्ची झूटी लेने दुकान पर गई थी। कुछ देर बाद वह कमरे से कुछ दूर झाड़ियों में खून से लथपथ घायल मिली। उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के परिजनों द्वारा बताए संदिग्ध नाबालिग से पूछताछ की गई तथा इस मामले में संलिप्तता पाए जाने पर सभी औपचारिकता पूर्ण करके कार्यवाही की जा रही है।

RAO NEKI RAM MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION, GURUGRAM
(B.Ed College)
(Recognized by NCTE & Affiliated to MDU Rohtak)
Village Tarkapur, Tah. Pataudi Distt. Gurugram (Haryana), Email. mu722oa@gmail.com, Website www.raonekiramcollege.org, Mob No. 9315531307

STAFF REQUIRED ON REGULAR BASIS
Teaching Staff

Principal - 1, Assistant Professor (Perspective in Education of Foundation Courses) - 04
Assistant Professor (Curriculum & Pedagogy Courses) Math. - 01, Physical Science -01, Life Science-01, S.St.-01, Economics - 01, Commerce -01, Sanskrit - 01, Computer Science - 01, English - 01, Hindi - 01, Health and Physical Education - 01, Fine Arts - 01/ Music - 01

Eligibility & Pay scale as per norms of NCTE / Haryana Govt. / M.D.U Rohtak
Eligible candidate may apply with latest CV and requisite documents to the Secretary of the College and one copy of the application must be sent to Dean College Development Council (DCDC) M.D.U Rohtak within 21 days (29 May) from the date of publication of this advertisement

President, Governing Body

JHANKAR COLLEGE OF EDUCATION, GURUGRAM
(B.Ed College)
(Recognized by NCTE & Affiliated to MDU Rohtak)
Village- Babra Bakipur, Distt. Gurugram (Haryana)
Ph.: 9319603060 Mail id: jhankareducation@ahco.com

STAFF REQUIRED ON REGULAR BASIS
Teaching Staff

Principal - 1, Assistant Professor (Perspective in Education of Foundation Courses) - 04
Assistant Professor (Curriculum & Pedagogy Courses) Math. - 01, Physical Science -01, Life Science - 01, S.St.-01, Economics - 01, Commerce -01, Sanskrit - 01, Computer Science - 01, English - 01, Hindi - 01, Health and Physical Education - 01, Fine Arts - 01/ Music - 01

Eligibility & Pay scale as per norms of NCTE / Haryana Govt. / M.D.U Rohtak
Eligible candidate may apply with latest CV and requisite documents to the Secretary of the College and one copy of the application must be sent to Dean College Development Council (DCDC) M.D.U Rohtak within 21 days (29 May) from the date of publication of this advertisement

President, Governing Body

DELHI TECHNICAL CAMPUS
4th KM Stone, Bahadurgarh-Jhajjar Road, Near Sector-11, Naya Gaon, Bahadurgarh-124507
REQUIRES APPLICATIONS FOR THE FOLLOWING POSITIONS ON REGULAR BASIS

DIRECTOR-01

TEACHING			
Department	Prof.	Associate Prof.	Assistant Prof.
Computer Science & Engineering	03	02	18
Electronics & Communication Engineering	03	02	06
Mechanical Engineering	03	02	06
Civil Engineering	03	02	08
Electrical & Electronics Engg.	-	-	06
MBA	03	02	12
BBA	0	0	12
Mathematics	0	0	02
Physics	0	0	02
Chemistry	01	0	01
English	-	-	01

NON-TEACHING
Librarian-01, Registrar-01, Technical Assistant-23, Library Attendant-03, Security Staff-05, Lab Attendant-10, Computer Operator-03, Data Entry Operator-05, Office Assistant cum Accountant-02, Clerk cum Typist-05, Peon-06, Safai Karamchari-06, Lab Attendant-08

Qualifications, Pay Scales and Experience as per AICTE/UGC/MDU and State Government norms. The application form downloaded from the institute website alongwith all testimonials can be submitted to the Institute or through email at dhdtechcampus15@gmail.com within 21 days from the date of publication of this advertisement i.e. 29/05/2022. A copy of the application must be sent to the D. C. D. C., M. D. U., Rohtak-124001. Posts can be increased or decreased at the time of interview.
Note: The applicants whose application form/joining letters received in the College as well as in the office of the DCDC, MDU, Rohtak in due date (within 21 days) will be considered for the interview.
Phone No.- 01276-250050, 8222811205 Chairman/Principal

सुसंस्कारों की धरोहर भारत की बेटियां अभियान । ओम शांति रिट्रीट सेंटर में कार्यक्रम

पराये घर की अमानत नहीं, बेटों के बराबर हैं बेटियां

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. महेंद्र मुंजापारा, अभिनेत्री शहनाज गिल व बीके शिवानी ने किया संबोधित

गुरुग्राम, 7 मई (हप्र)

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. महेंद्र मुंजापारा ने कहा कि बेटियों को उनके हिस्से का अवसर देने के लिए अभी तक बड़े सभी राहें खोलनी जा रही हैं। इसी क्रम में हमने बेटियों को सैनिक स्कूल में दाखिला देने का भी फैसला लिया ताकि उन्हें यहां भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके।

वे ओम शांति रिट्रीट सेंटर में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने ब्रह्मकुमारीज के 'सुसंस्कारों की धरोहर भारत की बेटियां' नामक अभियान को शुरू की। उनके साथ इस अभियान की ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड अभिनेत्री शहनाज गिल, मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी, ओआरसी की डायरेक्टर बीके आशा भी मौजूद रही।

लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. महेंद्र मुंजापारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से बेटियों को सपनों को नये पंख लगाए हैं। बेटियों को अब सिर्फ पराये घर की अमानत नहीं समझा जाता बल्कि उन्हें हर घर में बेटों के बराबर परवरिश मिलती है। मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी ने कहा कि हर स्कूल में संस्कारों के लिए प्रयास मिलना चाहिए, तभी समाज संस्कारों को महत्व करेगा। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि सभी संकल्प करें कि जरूरत पर ही मोबाइल का इस्तेमाल और सीखने वाली चीजें के लिए ही टीवी का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी खड़े उठकर

गुरुग्राम में शनिवार को अभियान की शुरुआत करते केंद्रीय मंत्री महेंद्र मुंजापारा, शहनाज गिल, बीके आशा और बीके शिवानी और अन्य। हप्र

'पंख काटकर कमजोर बनाना बंद करें'

अभिनेत्री शहनाज गिल ने लड़कियों को मजबूरी कह से मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि इनको साथ आसपास हाल भी शामिल कर लिया जाए तो लड़कियों को तोड़ने हल नहीं सकेगा। जीवन में ज्ञान बहुत जरूरी है क्योंकि ज्ञान से ही आत्मविश्वास जगा है और यही सफलता का जरिया है। लड़कियों को चाहिए कि वे गलतियों से सीखें और इनसे परेशान जमने ताकत बना लें। शहनाज ने अभिभावकों को आह्वान किया कि वे लड़कियों के पंख काटना बंद करें, इनसे हमें कमजोर बनाया है।

सबसे पहले परमात्मा को मुहमार्गित करें। इस मौके पर पहल श्रीवास्तव, शीला काकड़े, बीके राजपूत, बीके त्रिपाठी मौजूद रहे।

'मां का स्थान भगवान से भी ऊपर'

नारनौल में विजेताओं को पुरस्कृत करती स्कूल चेयरपर्सन पवित्रा राव। हप्र

नारनौल, 7 मई (हप्र)

आरपीएस स्कूल में शनिवार को मदर्स डे मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर कार्ड बनाकर मां के प्रति अपने भावों को प्रस्तुत किया। यहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। प्राचार्य बाबूलाल यादव ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया। संस्था की चेयरपर्सन पवित्रा राव ने बताया कि मां का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। उनके बिना जीवन अधूरा रहता है। कोऑर्डिनेटर राजेश्वरी देवी ने बताया कि कार्यक्रम में माताएं अपने बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन लेकर पहुंची। बच्चों ने मदर्स डे के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान पोस्टर व कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विजेता रहे बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विभाग की कोऑर्डिनेटर मिनाक्षी यादव ने बच्चों को मांग की महानता का वर्णन किया।

मंदिरा बेदी ने रैली को दिखाई झंडी

रोहतक में शनिवार को झंडी दिखाकर रैली को रवाना करती मंदिरा बेदी, पूर्व मंत्री मनीष खोखर, एलपीएस बोस्कोर्ड के चेयरमैन राजेश जैन। हप्र

रोहतक, 7 मई (हप्र)

गर्भ के दौरान और प्रसव के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मदर्स डे पर शनिवार को दिल्ली स्थित मणिपाल अस्पताल ने एलपीएस बोस्कोर्ड के सहयोग से रोहतक में एक रैली का आयोजन किया। रैली में बड़ी संख्या में साइकिल सवारों ने भी भाग लिया। मशहूर अभिनेत्री मंदिरा बेदी, पूर्व मंत्री मनीष कुमार खोखर, एलपीएस बोस्कोर्ड के चेयरमैन राजेश जैन ने झंडी दिखाकर म्युनिसिपल पार्क से रैली का रवाना की। इस अवसर पर एचसीएमसीटी मणिपाल अस्पताल ने अपना पहला हैल्थ क्लिनिक भी लांच किया।

इस अवसर पर मंदिरा बेदी ने कहा कि बच्चे को जन्म देने के बाद महिलाओं को हार्मोनटेशन, प्रसवोत्तर थायरॉयडिटिस, अवसाद और पीठ के निचले हिस्से की समस्याएं आम हैं। मां और बच्चे के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने से प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह दी।

पूर्व मंत्री मनीष खोखर ने कहा कि कि मां से बड़ा इस दुनिया में कुछ भी नहीं है। एलपीएस बोसार्ड के चेयरमैन राजेश जैन ने कहा कि मां शब्द किसी के लिए भी क्यों न इस्तेमाल हो, इससे महत्व की भावना का अहसास होता है। इस अवसर पर मेयर मनमोहन गोयल, समृद्धि जैन, न्यूरोलॉजिस्ट डा. खुशबू गोयल व नेफ्रोलॉजिस्ट डा. आशीष नंदवानी, सन्नी निझावन, राजीव जैन मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों ने धरती को कैसे बचाने इस पर ग्रुप डांस किया। सभी बच्चे एक ही ड्रेस में चल रहे थे। साइकिलिंग ग्रुप, मदर्स डे, पृथ्वी बचाओ को लेकर निकाली झांकियां आकर्षण के केंद्र रहे।

संसदीय कमेटी में अपनी बात रखेंगे सुनील जागलान

जींद, 7 मई (हप्र)

बोबोपुर गांव के पूर्व सरपंच सुनील जागलान को उनके द्वारा शुरू किए गए प्लेटफार्म लाडो पंचायत के माध्यम से बात रखने के लिए पार्लियामेंटरी स्टैंडिंग कमेटी ने संसद में आमंत्रित किया है। लड़कियों की शादी की उम्र संवैधानिक तौर 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने के लिए सुनील जागलान लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं।

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की पहल
स्कूल में लगा सोलर प्लांट

फरीदाबाद में शनिवार को स्कूल में सोलर प्लांट का उद्घाटन करते डीसी जितेंद्र यादव। साथ हैं चेयरमैन धर्मपाल यादव, दीपक यादव। हप्र

फरीदाबाद, 7 मई (हप्र)

डीसी जितेंद्र यादव ने शनिवार को सेक्टर-2 स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में 25 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट का उद्घाटन किया और यह समय की मांग है कि हम ऊर्जा के उत्पादन के लिए, ऊर्जा के संरक्षण के क्षेत्र में और उसके नवीनीकरण एवं बचाव के लिए कदम उठाएं। कार्यक्रम में बल्लभगढ़ क्षेत्रिय सभा के पूर्व अध्यक्ष राजेश रावत, जनपद जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया, कांग्रेस नेता सत्यवीर डागर मौजूद थे। उपायुक्त जितेंद्र यादव का स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव, डायरेक्टर दीपक यादव ने फूलों का बुकके भेंट कर स्वागत किया। धर्मपाल यादव ने कहा कि सौर ऊर्जा की मदद से गांवों और शहरों में बिजली उत्पादन तेजी से बढ़ा है और लोग सौर ऊर्जा की मदद से अपने घर को रोशन करने में सफल हुए हैं। सौर ऊर्जा या सौलर पैनल पर सरकार भी मदद कर रही है, ऐसे में सभी को इस दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर सुनीता यादव, रामनिवास राठी, लखन केसीवाल, जीतराम यादव, स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति चौधरी मौजूद थे।

रिश्वत के आरोप में जेई समेत तीनों कर्मी गिरफ्तार

गुरुग्राम, 7 मई (निप्र)

देवीलाल कॉलोनी में रिश्वत के आरोप में तीन कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। देवीलाल कॉलोनी की गली नंबर 8 में रहने वाले हरीश ने बताया कि उसका मकान काफी पुराना बना हुआ था। उसका मकान गली से करीब छह फुट नीचा हो गया था। इसमें सीवर और बरसात का पानी भर जाता था और इसमें रहना मुहाल हो जाता था। ऐसे में वह अपने 100 वर्ग गज में बने मकान के पर ही निर्माण कर रहा था। इसी बीच निगम कर्मियों ने आकर उसका निर्माण कार्य बंद करवा दिया। बाद में इन्होंने निर्माण कार्य जारी रखने के एवज में तीन लाख रुपये की मांग की। मोलभाव करने पर ये एक लाख पर ही राजी हो गए। उसके अनुसार 5 मई को हितेश व करण सिंह 50 हजार रुपये लेकर गए थे। शुक्रवार को पुनः शेष 50 हजार रुपये लेने पहुंच गए। इनके साथ जेई सुमित भी था। लोगों ने हितेश शर्मा व करण सिंह को मौके पर पकड़ लिया लेकिन जेई सुमित को बाद में मौके पर ही चूना लिया गया था।

विधायक सुधीर सिंगला ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन

दिवंगत पार्षद आरएस राठी को किया याद

गुरुग्राम में शनिवार को विधायक सुधीर सिंगला उद्घाटन करते हुए। साथ हैं पार्षद रामराठी राठ

गुरुग्राम, 7 मई (निप्र)

विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को डीएलएफ फेज-एक के बी-ब्लॉक में दिवंगत पार्षद आरएस राठी को याद में और उनके नाम पर बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने आरएस राठी द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि इंसान चले ही इस नश्वर संसार से चला जाए, लेकिन उनके किए गए कार्यों की बदौलत उन्हें सदा याद किया जाता है। स्वर्गीय बायोडाय... सदा उनक... विधायक सुध... आरएस राठी को ... राठी के जज्बे की भी सरा... अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिनव गुलाटी, अशोक डबास, सिद्धार्थ सिद्धू, अशोक शर्मा, आरडब्लूए कन्वेनर अध्यक्ष बलजीत राठी, हरीश मोल अध्यक्ष सुनील कपूर, विकास गुप्ता, राहुल चंदोला, स्वामी अनंत नारायण, विकास खोसला मौजूद रहे।

वेट लिफ्टिंग में उमेर कटारिया का शानदार प्रदर्शन

नूंह/नोगामा, 7 मई (निप्र)

उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल स्तर की चैंपियनशिप में नूंह के गांव करहड़ा निवासी 17 वर्षीय उमेर कटारिया ने वेट लिफ्टिंग में क्वालीफाई करके खेलो इंडिया में जगह बनाई है। उमेर कटारिया के कोच जसवंत सिंह और उनके बड़े भाई अबरार कटारिया ने बताया कि अब उमेर 13 जून 2022 को खेलो इंडिया की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

युवा बेरोजगारों ने भाजपा कार्यालय तक किया पैदल मार्च

टेंडर नोटिस

सी.मंगीलाल हस्पताल बिल्डनी में प्रयोग के लिए हाफ कूलर एसीज़, A.C, बाटर कूलर, आर.ओ. तथा ओ.टी. में स्प्लीट सैल A.C की रिपेयर/सर्विस तथा साथ सामग्री व बाकी मेडिकल पैरट से सम्बन्धित सामान की एसीज़ हेतु रिपोर्ट्स अनामी एक वर्ष के लिए आमंत्रित की जाती है। नियम व शर्तें-

1. एसीज़ से संबंधित सामान की लिस्ट दिनांक 10/05/2022 तक कार्यालय प्रधान चिकित्सा अधिकारी के कमरा नं. 18 (स्टोर सेक्शन) से प्रति 500/- का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।
2. चिकित्सा प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 12/05/2022 तक सायं 5:00 बजे पहुंच जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त निविदाएं प्रक्रिया में शामिल नहीं की जाएगी।
3. चिकित्सा प्रधान चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 13/05/2022 को सायं 3:00 बजे खोली जाएगी।
4. कूटेशन देने वाली फर्म के पास पैन/G.S.T. रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। रिपेयर/सर्विस से सम्बन्धित कार्य को मरीज के हित में तुरंत भी करवाया जा सकता है।
5. कम्पनियां जिन्हें कोई कार्य पहले करवाया सन्तुष्ट जनक माल में कूटेशन को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. कार्यालय किसी भी तरह के प्राप्त निविदा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
7. कार्यालय द्वारा सामान खरीद करने के बाद संबंधित सामान को अगर्ली 15 दिन के अन्दर-अन्दर करनी होगी।
8. कम्पनी द्वारा कमिश्नर व रेट डिस्काउंट करवाना होगा।
9. कम्पनी द्वारा सामान का सैंपल पहले प्रस्तुत करना जिस आवश्यक।
10. यदि कम्पनी कार्य में मनमुख करती है कि सामान अलग्या टेंडर से बाहर में खरीदे या बढ़िया है तो बाहर से भी कूटेशन प्राप्त की जा सकती है।
11. यदि संबंधित सामान का रेट कंपनी रेट/रेट है तो रेट कंपनी अनुसार ही खरीद की जाएगी।
12. यदि कोई फर्म निविदाकृत सामान नहीं देती तो वह संस्था के लिए ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी।

प्रधान चिकित्सा अधिकारी, चारीक हस्पताल बिल्डनी।

नीलामी सूचना

ग्राम सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बोराका के राजाप्राथ० बोराका में भाग निर्माण से निकली सामग्री जिसमें गाडर, बरगा शहतीर, पत्थर बजरी टुकड़ी, सीमेंट, अगला आदि की नीलामी सरकारी नियमानुसार खुले तौर पर की जायेगी। इच्छुक बोली दाता दिनांक 18.05.2022 को बुधवार प्रातः 10:00 बजे विद्यालय परिसर में पहुंचे। बोली दाता बोली में भाग ले सकते हैं। बोली शर्तें बोली शुरू होने से पहले मौके पर सुना दी जाएगी।

मुखिया शिक्षक
राजाप्राथ० बोराका, खण्ड होडल (पलवल)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)
राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद
पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार

SBI स्टेट बैंक आफ इंडिया
स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच, # 40 एसडीए कम्पलेक्स, जोनल कार्यालय इमारत, कसुम्पटी, शिमला-171009 फोन : 0177-2626796, ई-मेल : sbi.18185@sbi.co.in

डिमांड नोटिस
दि सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट-2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस इस के बाद "एक्ट" के रूप में वर्णित